卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 317 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦24 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## चन्द्रमा के बाद अब सूर्य मिशन की तैयारी

### सितम्बर में लॉंच हो सकता है आदित्य मिशन: इसरो प्रमुख



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। चंद्रयान -3 की सफल लैंडिंग के बाद इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ का बयान सामने आया है। सोमनाथ ने कहा कि यह वर्णन करना बहुत मुश्किल है कि चंद्रयान मिशन की सफलता के बाद मेरे मन में क्या चल रहा था। सोमनाथ ने कहा यह खुशी हो सकती है, यह उपलब्धि का सार हो सकता है और उन सभी को धन्यवाद देना हो सकता है, जिनका इसमें योगदान है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने सूर्य मिशन आदित्य एल-1 और गगनयान मिशन पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा सूर्य के लिए आदित्य मिशन सितंबर में लॉन्च के लिए तैयार हो रहा है। गगनयान पर अभी भी काम चल रहा है। हम क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए संभवत: सितंबर या अक्टूबर के अंत तक एक मिशन करेंगे। बता दें कि योजना के अनुसार बुधवार शाम को लैंडर ने सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित रूप से स्थापित हुआ। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। लैंडर लगभग 3.84 लाख किमी से अधिक की यात्रा करने के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। लैंडिंग के साथ, 600 करोड़ रुपये के चंद्रयान -3 मिशन का एक बड़ा काम पूरा हो गया है।

## पढ़ाई के लिए कनाडा गयी रूद्रपुर की युवती की सड़क हादसे में मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पढ़ाई के लिए कनाडा गयी निकटवर्ती ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी एक युवती की टोरंटों में एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी हाल निवासी आइडिया कॉलोनी लालपुर 23 वर्षीय कीर्ति बवेजा पुत्री गणेश बवेजा लगभग चार माह पूर्व कनाडा के टोरंटो में पढ़ाई करने के लिए गई थी। पढ़ाई के साथ-साथ वह एक होटल में जॉब भी कर रही थी कनाडा के समय अनुसार कल प्रात: 3 से 4 बजे के बीच वह अपनी ड्यूटी खत्म कर साइकिल (शेष पृष्ठ सता पर)

### शव वापस लाने के लिए परिजन परेशान

रूद्रपुर। कनाडा से बेटी का शव कैसे लाया जाये इसे लेकर कीर्ति के परिजन खासे परेशान हैं। अभी तक इसके लिए उन्हें किसी का कोई सहयोग नहीं मिल पाया है। दरअसल विदेश से शव लाने की लम्बी प्रक्रिया होती है जिसे एंबेसी के माध्यम से पूरा कराया जाता है। परिजनों को इसकी जानकारी नहीं होने के चलते वह परेशान हैं। परिजनों ने एंबेसी में संपर्क करने की कोशिश भी की है लेकिन उनका संपर्क नहीं हो पाया। फिलहाल प्रशासन या कोई जनप्रतिनिधि भी इस परिवार की मदद के लिए आगे नहीं आया है।

## भारत हर क्षेत्र में छू रहा विकास की बुलंदियां: भट्ट





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश हर क्षेत्र में विकास की बुलंदियां छू रहा है। आज भारत वास्तविक रूप में देश को आजाद करने में योगदान देने वाले सभी शहीद सेनानियों के सपनों को साकार करता दिखाई दे रहा है। यह बात केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने आज नगर निगम सभागार में आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि देश उद्योग, विज्ञान, तकनीकी, शिक्षा, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफॅलता हासिल कर रहा है। श्री भट्ट ने चन्द्रयान 3 की चन्द्रमां पर सफलतापूर्वक लेंडिग पर इसरो के सभी वैज्ञानिकों और उनके सहयोगियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में अंतरिक्ष क्षेत्र में इस दिशा में पहले नम्बर पर पहुंच गया है। इससे पूर्व कोई भी देश दक्षिणी ध्रुव पर अपना चन्द्रयान नहीं उतार सका था। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत के बदलते हुए स्वरूप को देख रहा है। श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी लोग एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। देश आज हर क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश को आजादी दिलाने में अपनी कुर्बानियां देने वाले लोगों को समर्पित है। साथ ही जिन परिवारों ने उस विभाषिका के दौर में कष्ट सहे उनको सम्मान देने एवं उनका स्मरण करने का अवसर है। श्री भट्ट ने कहा कि शहीदों के सम्मान में देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिनके माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति देश के विकास के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। इन्हीं युवाओं के बल पर देश एक दिन विश्व गुरू बनकर रहेगा। कार्यक्रम को विधायक शिव अरोरा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मेयर रामपाल सिंह आदि सहित तमाम भाजपाई मौजूद थे।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

तेरहवीं / श्रद्धांजली



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य **श्री घनश्याम गुप्ता जी पुत्र स्व. श्री प्रीतम प्रसाद गुप्ता** का देहान्त गत दिनांक 12.08.2023 को हो गया था उनकी **आत्मिक शान्ति के लिए तेरहवी दिनांक 25.08.2023, दिन शुक्रवार** को हमारे निवास स्थान पर होनी निश्चित हुई है।

ब्रहम भोज 25.08.2023 समय- दोपहर 1 बजे रामलीला मैदान,किच्छा रोड,रम्पुरा

-शोकाकुल परिवार-
सुमन गुप्ता (पत्नी), अजय गुप्ता (पुत्र), निखिल गुप्ता (पुत्र)
दीपक गुप्ता (पुत्र), देवेश गुप्ता (पुत्र), विजय गुप्ता (भतीजा)
एवं समस्त गुप्ता परिवार रम्पुरा, रूद्रपुर, मो.9411320341
**नोट:- कृपया विज्ञापन को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।**

## करंट लगने से युवक की मौत



सितारगंज(उद संवाददाता)। करंट लगने से युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात वार्ड 12 निवासी गोविंद मंडल पुत्र सुनील मंडल अपने घर मे लगी पानी की मोटर चलाने गया। बारिश के कारण पानी की मोटर में करंट आ जाने की वजह से वहीं पर उसको बिजली का करंट लग गया। करंट लगने से गोविंद वहीं पर अचेत होकर गिर गया एवं छटपटाने लगा। इसके बाद गोविन्द की मृत्यु हो गई। पड़ोसियों ने बताया कि मृतक गोविन्द मजदूरी (शेष पृष्ठ सता पर)

## फायरिंग मामले का मुख्य आरोपी तमंचे सहित दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दो दिन पूर्व मोहल्ला रम्पुरा में मामूली बात पर हुई फायरिंग व मारपीट की घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा और खाली खोखा सहित गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी देते हुए कोतवाल विक्रम राठौर ने कताया कि रम्पुरा में हुई फायरिंग के मामले में रम्पुरा पुलिस ने मुख्य आरोपी सोनू कोली उर्फ सोनू खत्म पुत्र स्व. प्रेम शंकर निवासी रम्पुरा को रामपुर रोड में झा कालेज के पास गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सोनू के पास से पुलिस ने घटना के दौरान प्रयुक्त तमंचा व खाली खोखा भी बरामद किया। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि आरोपी को मामले की विवेचना कर रहे एसआई जय प्रकाश ने टीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। उन्होंने बताया कि नामजद अन्य दो फरार अभियुक्तों गोलू सरदार और शेखर कोली की तलाश में पुलिस लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

## बागेश्वर में ‘मुद्दों’ पर भारी पड़ती ‘सहानुभूति लहर’

### भाजपा को सहानुभूति का आसरा तो कांग्रेस मुद्दों के सहारे, गली-गली और गांव-गांव पहुंचने लगे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, छोटे मझौले कार्यकर्ताओं की बढ़ी पूछ

■ अर्श

रूद्रपुर। बाढ़ और डायरिया से जूझ रहे बागेश्वर पर अब चुनावी रंग चढ़ने लगा है।विधानसभा चुनाव के बाद से उपेक्षित पड़े जमीनी कार्यकर्ताओं की पूछ परख इस विधानसभा क्षेत्र में अब अचानक बढ़ चली है।अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपनी-अपनी रणनीति तैयार कर ली है और दोनों ही दलों के कार्यकर्ता गांव- गांव और गली-गली की खाक छानने लगे हैं।भाजपा ने अपने 42 प्रवासी प्रभारी को विधानसभा क्षेत्र में तैनात कर अपनी सांगठनिक क्षमता का परिचय दे दिया है।इसके पूर्व भाजपा ने कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची आने के तुरंत बाद ही अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी थी ,जिसमें मुख्यमंत्री समेत ,पूर्व मुख्यमंत्री और तमाम प्रादेशिक दिग्गज शामिल हैं। वहीं, कांग्रेस ने भी स्टार प्रचारकों की सूची जारी करने के साथ-साथ अपने प्रदेश अध्यक्ष समेत पूर्व सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचार की कमान सौंप दी है।दोनों ही पार्टियों की तरफ से स्थानीय नुमाइशखेत मैदान पर जन सभाएं भी आयोजित की जा चुकी है।जिसमें आरोप प्रत्यारोप के चुनावी हथियार खुलकर चलाए जा चुके हैं। चुनाव बैतरणी पार करने के लिए वोटरों को रिझाने के लिए हर हथकंडे तो अपनाए ही जा रहे हैं ,साथ ही एक दूसरे के छोटे- मझौले कार्यकर्ताओं को तोड़कर अपने पाले में करने की कोशिश भी जब तब सामने आ जाती है। कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रंजीत दास के भाजपा में शामिल होने के बाद जहां कांग्रेस भैरव नाथ टम्टा, गोपाल राम और कमल टम्टा को उनके समर्थकों के साथ भाजपा से तोड़कर अपने पाले में ले आई, वही बीते दिवस मुख्यमंत्री की चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस की सुनीता टम्टा समर्थकों के साथ भाजपा की हो गईं। मोटे तौर पर बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला नजर आ रहा है, हालांकि उत्तराखंड क्रांति दल समाजवादी पार्टी एवं उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी भी इस उप चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं ,लेकिन वह इस उपचुनाव में कुछ अप्रत्याशित कर पाए पाएंगे ? इसकी संभावना लगभग ना के बराबर ही है, क्योंकि अब से पहले के बागेश्वर विधानसभा के चुनाव में मतदाताओं का ध्रुवीकरण अमूमन कांग्रेस और भाजपा के पक्ष में ही होता देखने को मिला है। बात पिछले (शेष पृष्ठ सता पर)

## शाम 6: 04 बजे हुई सॉफ्ट लैंडिंग: चंद्रमा पर खोज करते रहेंगे विक्रम और प्रज्ञान

# मिशन मून: चंदा मामा की जमीन पर चंद्रयान 3 ने रचा नया इतिहास

देहरादून( उद ब्यूरो )। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पहले ही चंद्रयान-3 की सफलतापूर्ण हुई लैंडिंग साइट की एक बेहद दुर्लभ तस्वीर साझा कर चुका है। इसरो के मून मिशन की ऐतिहासिक सफलता पर जहां देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देशवासियों को शुभकामनायें दी है और कहा है कि अब भारतवासी चंदा मामा दूर के नहीं सिर्फ चंदा मामा कहेंगे। वहीं दूसरी तरफ वैज्ञानिकों को बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। मीडिया रिपोर्ट में वैज्ञानिकों के मुताबिक यह तस्वीर बुधवार 23 अगस्त शाम 6. 04 बजे हुई सटीक सॉफ्ट लैंडिंग के बाद विक्रम के कैमरे से ली गई थी। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपेक्षाकृत समतल क्षेत्र पर उतरा है। चंद्रयान-3 के लिए आने वाले 14 दिन बहुत अहम होने वाले हैं। 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग के बाद अब नजरें प्रज्ञान रोवर पर है, जो स्थितियां सामान्य होने के बाद चांद की सतह पर चलेगा। विक्रम लैंडर के अंदर मौजूद रोवर प्रज्ञान के बाहर निकलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रोवर और लैंडर से जो जानकारी इसरो को मिलेगी, वह 14 दिनों तक ही होगी, क्योंकि चांद को पूरी रोशनी सिर्फ इसी दौर में मिलेगी। लैंडर और रोवर इन दिनों में पूरी सक्रियता के साथ इसरो को सूचनाएं भेजेगा। दरअसल 14 दिनों के बाद चांद पर रात हो जाएगी। यह रात कोई एक दिन के लिए नहीं बल्कि पूरे



14 दिनों तक के लिए होगी। रात होते ही यहां बहुत अधिक ठंड होगी। चूंकि, विक्रम और प्रज्ञान केवल धूप में ही काम कर सकते हैं, इसलिए वे 14 दिनों के बाद निष्क्रिय हो जाएंगे। हालांकि, इसरो वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर फिर से सूरज उगने पर विक्रम और प्रज्ञान के काम करने की संभावना से इनकार नहीं किया है। अगर दोनों 14 दिन बाद सही-सलामत काम करते हैं, तो यह भारत के चंद्र मिशन के लिए बोनस होगा। ऐसा नहीं है कि चंद्रयान-3 पृथ्वी पर वापस लौट आएगा। विक्रम और प्रज्ञान हो सकता है काम न करें, लेकिन ये चंद्रमा पर ही रहेंगे। भारत के चंद्रयान-3 का कुल वजन 3,900 किलोग्राम है। प्रोपल्शन मॉड्यूल का वजन 2,148 किलोग्राम और लैंडर मॉड्यूल का वजन 1,752 किलोग्राम है, जिसमें 26 किलोग्राम का रोवर भी शामिल है। प्रज्ञान चंद्रमा की सतह की रासायनिक संरचना, मिट्टी और चट्टानों की जांच करेगा। यह ध्रुवीय क्षेत्र के पास चंद्रमा की सतह के आयनों और इलेक्ट्रॉनों के घनत्व और थर्मल गुणों को मापेगा। सबसे खास बात यह है कि इस क्षेत्र पर पहले कभी कोई नहीं गया है। यह पहली बार है, जब किसी देश ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जाने का साहस किया है। प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजीव सहजपाल कहते हैं कि योजना के मुताबिक, सॉफ्ट लैंडिंग के साथ ही लैंडर और रोवर चांद की सतह पर अपना काम करना शुरू कर देंगे। लैंडर के साथ ही चांद की सतह पर उतरने वाले रोवर अपने पहियों वाले उपकरण के साथ वहां की सतह की पूरी जानकारी इसरो के वैज्ञानिकों को देना शुरू कर देगा। इन पहियों पर अशोक स्तंभर और इसरो के चिह्न उकेरे गए हैं, जो प्रज्ञान के आगे बढ़ने के साथ चांद की सतह पर अपने निशान छोड़ेंगे। इसी के साथ इसरो और अशोक स्तंभ के चिह्न चांद पर अंकित हो जाएंगे।



वहीं सोशल मीडिया पर चंद्रयान की एक तस्वीर भी वायरल की जा रही है जिसमें झंडा लगा हुआ है। वैज्ञानिकों के मुताबिक सॉफ्ट लैंडिंग के बाद रोवर और लैंडर से जो जानकारी इसरो को मिलेगी, वह 14 दिनों तक ही होगी, क्योंकि चांद को पूरी रोशनी सिर्फ इसी दौर में मिलेगी। उनका कहना है कि रोवर से मिलने वाली जानकारी बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए मानी जाती है, क्योंकि वह चांद की सतह पर जाकर आगे बढ़ता रहता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि 14 दिनों के भीतर रोवर चांद पर अपने तय रास्ते को न सिर्फ पूरा करेगा, बल्कि उसकी पूरी सूचनाएं भी इसरो के डाटा सेंटर को भेजता रहेगा। संजीव सहजपाल का कहना है कि सिर्फ रोवर ही नहीं बल्कि लैंडर के माध्यम से भी सूचनाएं और पूरी तकनीकी जानकारियां मिलती रहेंगी। वह बताते हैं कि लैंडर और रोवर 14 दिनों तक पूरी सक्रियता के साथ हमें सूचनाएं भेजेगा। उनका कहना है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार किए जाने वाले लैंडर और रोवर के पावर बैकअप की क्षमता 14 दिनों तक सबसे ज्यादा होती है। उसके बाद की सूचनाएं या तो मिलनी बंद हो जाएंगी या उनकी स्पीड न के बराबर हो जाएगी। हालांकि अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का मानना है कि 14 दिनों के भीतर मिलने वाली सूचनाएं अंतरिक्ष में चांद पर की जाने वाली तमाम संभावनाओं की सबसे महत्वपूर्ण जानकारियां होंगी।

## इसरो की गौरवपूर्ण उपलब्धि से गदगद हुए हर भारतवासी: चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बना भारत, मिल सकता है पानी

## लैंडर से उतरते रोवर ने भेजी पहली तस्वीर, लाईव स्ट्रीमिंग ने भी तोड़ा रिकॉर्ड

देहरादून। चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) बुधवार शाम चंद्रमा की सतह पर उतर गया। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की। इसके बाद अब रोवर को लैंडर मॉड्यूल से बाहर निकाला गया है। इसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के बाद भारत की दुनिया भर में वाहवाही हो रही है। अमेरिका भी तारीफ करते नहीं थक रहा है। हालांकि, चंद्रमा पर इससे पहले तीन देश (अमेरिका, रूस और चीन) कदम रख चुके हैं, लेकिन दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाला पहला देश भारत हैं। बता दें, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मानना है कि चांद पर पानी के निशान मिल सकते हैं। भारत ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। भारत के चंद्रयान-3 ने बुधवार को चांद पर सफल लैंडिंग की। इसी के साथ, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बन गया। वहीं इसरो के लाइव स्ट्रीमिंग लिंक ने भी यूट्यूब पर इतिहास रच दिया। चंद्रयान-3 के लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग को 8.06 मिलियन लोगों ने एक साथ देखा, जिसने यूट्यूब इतिहास के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त कर दिया। चंद्रयान-3 के लिए आने वाले 14 दिन बहुत अहम होने वाले हैं। 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग के बाद अब नजरें प्रज्ञान रोवर पर है, जो स्थितियां सामान्य होने के बाद चांद की सतह पर चलेगा। विक्रम लैंडर के अंदर मौजूद रोवर प्रज्ञान के बाहर निकलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चंद्रयान 3 मिशन को लेकर इसरो ने भी ट्वीट किया। इसमें कहा गया, चंद्रयान 3 का रोवर मेड इन इंडिया, मेड फॉर द मिशन ऑपरेशन! रोवर लैंडर से नीचे उतरा और पूरा भारत चांद पर साथ चला। चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) बुधवार शाम चंद्रमा की सतह पर उतर गया। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की। इसके बाद अब रोवर को लैंडर मॉड्यूल से बाहर निकाला गया है। इसकी एक तस्वीर ISRO-INSPACE के चेयरमैन पवन गोयनका ने भी शेयर की हैं।







# सीएम धामी ने इसरो के वैज्ञानिकों की टीम को दी बधाई, स्कूली बच्चों को खिलाई मिठाई

देहरादून( उद संवाददाता )। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में शासन के उच्चाधिकारियों, विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों व स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर ऐतिहासिक सफल लैंडिंग का सजीव प्रसारण को देखा। मुख्यमंत्री ने भारत की इस ऐतिहासिक सफलता के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी , इसरो की टीम व देश-प्रदेश की जनता को बधाई व शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 की चन्द्रमा पर सफल लैंडिंग के साथ आज भारत विश्व का पहला देश बन गया है जिसके हम सभी साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि 2027-28 तक देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल



नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दुनिया का नेतृत्व करने वाला शक्तिशाली व समर्थ देश बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब चंद्रयान-2 सफल नहीं हो पाया तो प्रधानमंत्री ने हमारे वैज्ञानिकों को गले लगाकर उनका हौसला बढ़ाया तथा दुगनी ताकत से इस अभियान को पूर्ण करने की शुभकामनाएं दी। आज उनके मार्गदर्शन तथा हमारे वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों से देश ने दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव शिक्षा श्री रविनाथ रमन, श्री आर मीनाक्षी सुन्दरम, शैलेश बगोली, महानिदेशक शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी सहित अन्य उच्चाधिकारी मौजूद थे।

## राज्यपाल ने देशवासियों को दी बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त देशवासियों व भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की संपूर्ण टीम को चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व उपलब्धि भारतीय वैज्ञानिकों की अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने पूरे विश्व का ध्यान भारत की ओर आकर्षित किया है। राज्यपाल ने कहा कि चंद्रयान-3 की इस सफलता से वैज्ञानिकों को चंद्रमा और अंतरिक्ष के गूढ़ रहस्यों को समझने में खासा मदद मिलेगी। राज्यपाल ने राजभवन में इस ऐतिहासिक उपलब्धि का लाइव प्रसारण भी देखा।



## अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की ऐतिहासिक छलांग : हरदा

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं सीडब्लूसी सदस्य हरीश रावत ने इसरो के वैज्ञानिको को शुभकामनायें दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की ऐतिहासिक छलांग। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का तीसरा चंद्र मिशन, चंद्रयान 3 ने चांद पर दक्षिणी ध्रुव में सफल लैंडिंग कर ली है। यह क्षण देशवासियों के लिए गर्व का क्षण है। इस अवसर पर देश के सभी वैज्ञानिकों, इसरो की पूरी टीम व भारत वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं। जय हिंद-जय भारत ।



# हर बूथ को मजबूत बनाने में जुटें कार्यकर्ता: शशांक रावत

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। वोटर चेतना अभियान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने बूथ अध्यक्षों एवं बीएलओ से संबंधित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की । 18 वर्ष के वोटर बनाने हेतु कार्यकर्ताओं को जानकारी भी दी। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक खुशहाली की अरदास की। रावत अपने काफिले के साथ पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वोटर चेतना अभियान के तहत मुख्य अतिथि के रूप में एक आयोजित सम्मेलन में प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत भाजपा के पूर्व कारियों को 18 वर्ष के वोटर बनाने हेतु जानकारी दी। भाजपा वोटर चेतना अभियान से गिनाएगी सरकार की उपलब्धियां प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अपने बूथ के वोटरों को विश्वास में लाने का प्रयास करना है। प्रदेश में धामी सरकार की योजनाओं की जानकारी कार्ड बनवाने का काम करेगी। भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने कहा है कि चुनाव नजदीक आते ही विपक्षी को विचलित करने के लिए नए-नए हथकंड़े अपने जाएंगे। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अपने इरादों को मजबूत रखते हुए संगठन के कार्य को आगे





रावत का नानकमत्ता साहिब आगमन पर भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। रावत ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में माथा टेककर प्रदेश की विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, श्रीपाल सिंह राणा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने बूध अध्यक्षो एवं बीएलओ एवं पार्टी के पदाधि और लाभ भी बताना है। बूथ मजबूत हो तो चुनाव में जीत सुनोक्षित हो जाती है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ से लेकर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन ईमानदारी से करें। भाजपा हर विधानसभा में कैंप लगाकर नए मतदाताओं का वोटर बढ़ाना है। इस मौके पर श्रीपाल सिंह राणा, इंद्रपाल सिंह मान, ओम नारायण राणा, किशोर जोशी, भुवन जोशी, अंजू देवी, विमला बिष्ट, ध्रुव राणा, तरुण राणा, राजनाथ सिंह सुमित जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चंद्रयान की सफल लैंडिंग पर व्यापार मंडल ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

गदरपुर( उद संवाददाता)। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड के नेतृत्व में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग होने के बाद व्यापारियो की एक दूसरे को मिठाई भी वितरित की। इस मौके पर बोलते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने कहा कि एक देश का झंडे पर चांद है और हमारे देश के वैज्ञानिकों ने चांद पर झंडा लहराया है यह सब सरकार और देश के नागरिकों के प्रयासों और प्रार्थना, वैज्ञानिकों की मेहनत और लगातार धैर्य और सतत विकास का हिस्सा है दो असफल



लैंडिंग के बाद तीसरी प्रयास में हम लोग सफल हुए हैं इसके लिए देश के वैज्ञानिकों को सभी देशवासियों को धन्यवाद करना चाहिए और आभार जताना चाहिए । महामंत्री संदीप चावला ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों ने हर भारतवासी का सीना चौड़ा किया है और कर गर्व से ऊंचा किया है इस मौके पर सकैनिया मोड पर आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़,महामंत्री संदीप चावला कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, कृष्ण बत्रा सहित तमाम व्यापारी गण मौजूद रहे ।

# किच्छा में व्यापारियों ने आतिशबाजी कर किया मिष्ठान वितरण

किच्छा( उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई ने चन्द्रयान की सफलतापूर्वक लैंडिंग पर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा मिष्ठान वितरण किया। विक्रम लैंडर द्वारा चंद्रमा की धरती पर सफलतापूर्वक उतरने पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री विजय अरोड़ा एवं नितिन फुटेला ने व्यापारियों के साथ मिलकर जबरदस्त आतिशबाजी की तथा इसरो के वैज्ञानिकों को इस सफलता पर बधाई दी। महामंत्री विजय अरोड़ा ने कहा कि भारत का चंद्रयान मिशन सफल होना भारत की प्रगति में एक अहम पड़ाव है, जो दुनिया के लिए एक मिशाल बन गया है।उन्होंने कहा कि चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर



दुनिया के सबसे विकसित देश भी सफलता हासिल नहीं कर पाए किंतु भारत ने विकास के साथ-साथ वैज्ञानिक युग में भी अपना परचम लहरा कर बता दिया कि भारत की तकनीकी किसी से भी काम नहीं है। कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि भारत पुरी दुनिया को अपनी तकनीकी ज्ञान दिखाकर यह साबित कर दे कि भारत आदिकाल से ही वैज्ञानिक स्थिति में मजबूत था तथा अविष्कार के लिए भारत में भी प्रतिभाएं मौजूद हैं चंद्रयान 3 मिशन के सफल होने के कारण और विदेशी आता ताई भी दहशत में है। उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब संपूर्ण जगत में भारत का ही वर्चस्व कायम होगा तथा दुनिया भारत की ओर देखने को मजबूर होगी।

# प्राधिकरण और रेरा द्वारा आयोजित होने वाली कार्यशाला हुई स्थगित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में जिला विकास प्राधिकरण और रेरा के प्रतिनिधियों द्वारा 25 अगस्त को होने वाली कार्यशाला स्थगित की गई है। स्थगित करने का आदेश प्राधिकरण के सचिव पंकज उपाध्याय द्वारा किया गया है। आयोजित होने वाली कार्यशाला में सभी किसानी कॉलोनाइजर्स, दस्तावेज लेखक अधिकता हितबद्ध व्यक्तियों को रेरा सम्बन्धी प्राविधानों एवं विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित नियमों के सम्बन्ध में तथा ले-आउट / ग्रुप हाउसिंग मल्टीपल हाउसिंग / आवासीय / व्यवसायिक भवन मानचित्रों की स्वीकृति के सम्बन्ध में रेरा के प्राविधान प्राधिकरण के नियमों को स्पष्ट करने इनकी जानकारी देना था।









# सम्मान के साथ भेजी गयी मिट्टी

किच्छा( उद संवाददाता)। नगर पालिका द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत विभिन्न शहीद स्मारकों, शहीद पार्कों, धार्मिक स्थलों एवं जल स्रोतों से एकत्र की गई मिट्टी को रुद्रपुर नगर निगम रवाना किया गया है। रुद्रपुर के नगर निगम में रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट की उपस्थिति में मिट्टी यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त



निकायों द्वारा शहीद स्मारकों, शहीद पार्कों, धार्मिक स्थलों जल स्रोतों से एकत्र की गई मिट्टी को नगर पालिका से अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर निगम रुद्रपुर में रवाना किया गया है।इस मौके पर अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह के अलावा ताहिर मलिक, प्रमोद पंत, विजयतं चौधरी, आनंद सिंह नेगी, रोहित बलूनी, प्रवीण सिंह मेहरा, कमलेश रावत, श्याम बाबू राहुल आदि कर्मचारी गण मौजूद थे।

# प्रेम डोरी से बंधते हैं परमात्मा

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 23वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि जब भगवान बंधते हैं तो जीव बंधन मुक्त हो जाता है। उसका उद्धार हो जाता है, जब तक परमात्मा को प्रेम से बांधा ना जाए तब तक संसार का बंधन बना रहता है, जो ईश्वर को बांध सकोगे तो जन्म मृत्यु के बंधन से छुटकारा मिलेगा, भगवान तो केवल प्रेम डोरी से बंधते हैं। प्रसाद की सेवा स्वर्गीय जय राम ढींगरा के पुत्रों रमेश ढींगरा, सुखदेव ढींगरा एवं बल्देव ढींगरा द्वारा दी गई । इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# योगराज पासी के निधन पर शोक

गूलरभोज( उद संवाददाता)। पूर्व सांसद बलराज पासी के पिता एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष योगराज पासी के निधन पर गूलरभोज व्यापारियों द्वारा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, प्रमोद कुमार गुप्ता, हरीश छाबड़ा, विजय कुमार, आशु रघुवंशी, रामकिशन, हरेंद्र चौधरी, भूपेंद्र, रमेश सागर, राजकुमार ग्रोवर, संचित, अंकित कुमार, शिवम रघुवंशी, संजीव गुप्ता, मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# एक समाज श्रेष्ठ समाज ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चंद्रयान 3 के चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड करने पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के पदाधिकारियों ने पटेल चौक में भारत माता की जयकारों के साथ आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। साथ ही भारत की ऐतिहासिक सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त कर शुभकामनाएं दी। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि भगवान के आशीर्वाद व भारत सरकार के प्रोत्साहन से हमारे वैज्ञानिकों ने चंद्रयान तीन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कर अंतरिक्ष की यात्रा में एक अध्याय लिखा। इस ऐतिहासिक सफलता को भारत ने प्राप्त कर विश्व के पटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर यह सिद्ध कर दिया है कि अब भारत किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा और बहुत ही जल्द हमारा भारत देश विश्वगुरु बनेगा। इस दौरान रुपेन्द्र नागर, लोकेश कुमार साहू, नन्दकिशोर आर्या, बलराम हालदार, विनीता अग्रवाल, प्रमोद अग्निहोत्री, हेमन्त साहू, गोविन्द बगड़वाल, विजय गुप्ता, हितेश पाण्डेय, संदीप गुप्ता, पूजा लटवाल, प्रीति आर्या, राजेश साहू, देवेश सिंह, धर्म कुमारी, रितिक साहू, रवि गुप्ता, अरविन्द कुमार, शिवम शर्मा, विनोद जायसवाल, जानकी कश्यप, नन्दकिशोर आर्या, मनीष साहू, गिरीश चन्द्र लोहानी, आरपी सिंह, राकेश बेलवाल, सूरज निधि सिंह, अंशिका साहू, जया जोशी, सुनीता तिवारी, सुमन सिंह, अंजली कुमारी, नेहा सिंह, प्रगति राठौर, अनीता कुमारी, राधिका शर्मा, अमन कुमार, पन्नालाल साहू, रोहित भंडारी, अमित



अग्रवाल, रेनू टंडन, लता बोरा, कल्पना रावत, बरखा शर्मा, रिंकी गुप्ता, कनक चन्द, नीतू रौतेला, पूजा जोशी, भावना बिष्ट, ममता देवल, ममता रावत, यशिका श्रीवास्तव, विशाल सक्सेना, मनोज बिष्ट, राहुल श्रीवास्तव, नीरज सागर, प्रवेश देवल, मोहन सागर, सूरज मिस्त्री, जुगनू सागर, शैफली जयसवाल, कोमल गर्ग, गोस्वामी, मोहित यादव, आकाश कश्यप, प्रभाकर आर्या, अशोक वाल्मीकि, रोहतास प्रजापति, मुकेश बिष्ट, निलेश गुप्ता आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# युवा वैश्य महासभा ने दीप जलाकर छोड़ी आतिशबाजी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चन्द्रयान-3 इसरो के वैज्ञानिकों के कठिन परिश्रम एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करते हुए चंद्रयान-3 ने अपनी ऐतिहासिक यात्रा को पूर्ण कर चांद की सतह पर सुरक्षित तरीके से लैंडिंग की।इस स्वर्णिम अवसर पर युवा वैश्य महासभा द्वारा अग्रसेन चौक पर दीप प्रज्वलन एवं आतिशबाजी कर समस्त देशवासियों



को इस स्वर्णिम सफलता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर वैश्य महासभा अध्यक्ष आलोक शारदा, महामंत्री भवानी शंकर नीरज, विनीत अग्रवाल, युवा वैश्य महासभा अध्यक्ष उमेश गुप्ता, महामंत्री रमेश केसरवानी, कार्यकारी अध्यक्ष अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि, सुमित जायसवाल, रजत माहेश्वरी, अंश गुप्ता, अमित वार्ष्णेय, सुनील माहेश्वरी, रवि गुप्ता, कनव अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# जनसमस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें विभागीय अधिकारी: भट्ट

रामनगर(उद संवाददाता)। शहीद दीवान सिंह बिष्ट की 78वीं पुण्य तिथि पर दीवान सिंह बिष्ट आर्दश राजकीय इण्टर कॉलेज डोनपरेवा में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा एवं राज्य पर्यटन मंत्री अजय भट्ट एवं क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्य ने शहीद दीवान सिंह बिष्ट की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्या ने शहीद दीवान सिंह बिष्ट के पोते लक्षमण सिंह बिष्ट को शौल उड़ाकर सम्मानित किया गया। सरकार गरीब जरूरत मंदों के साथ है तथा हमारा उद्देश्य है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को समाज के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाकर लाभान्वित करना है। उन्होंने आदर्श शहीद दीवान सिंह बिष्ट राजकीय इंटर कॉलेज डॉन परेवा में इंटर कॉलेज भवनों का निरीक्षण किया। श्री भट्ट ने कहा कि सरकार द्वारा पशुओ के लिए भी पशु आपतकालीन एम्बुलेंस चलाई जा रही है। हैल्प लाईन नम्बर 1962 पर आम जनमानस सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता को आश्वस्त किया कि क्षेत्र मे सड़क, पानी, बिजली की जो भी समस्यायें आज शहीद दिवस पर दर्ज हुई है, उनका



निस्तारण शीघ्र ही कर दिया जायेगा। श्री भट्ट ने अपने सम्बोधन में कहा कि शहीद दीवान सिंह बिष्ट की पुण्य तिथि पर विद्यालय परिसर में बने सांस्कृतिक मंच के आगे टीन शैड बनाये जाने हेतु अपने सांसद निधि से 03 लाख रू0 की घोषणा की। क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्या ने कहा कि शहीद दीवान सिंह बिष्ट की पुण्य तिथि पर हर वर्ष आयोजन किया जाता है जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रहा जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाने जाने हेतु बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें जिले भर के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया जाता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें उद्यान विभाग, पशुपालन, राजस्व, आयुर्वेदिक, वन विद्युत आदि विभाग द्वारा बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभाग किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 लोगों का शुगर, बीपी एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि दी गई। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा कृषकों किसान सम्मान निधि का केवाईसी ऑन लाईन भी किये गये इसके साथ ही कृषि यंत्र भी वितरण किये गये। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख रवि कन्याल, संयोजक गोपाल दत्त तिवारी, मण्डी समिति अध्यक्ष रामनगर राकेश नैनवाल, तारा भण्डारी, दीपक पाण्डे, ग्राम प्रधान राजू नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य नंदन सिंह, लक्षमण सिंह खाती, उपजिलाधिकारी रेखा कोहली, तहसीलदार संजय कुमार, कृषि अधिकारी डॉ वीके यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी डीएन काण्डपाल, प्रधानाचार्य डीएस बिष्ट के साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीण जनता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# मार्ग किनारे से हटाने के विरुद्ध व्यापारी हुए एकजुट

## 28 अगस्त को भीमताल में होगी महापंचायत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल शीघ्र ही राज्य सरकार द्वारा हाईकोर्ट के नाम पर राज्यमार्गों में बसे व्यापारियों को उजाड़ने के जारी किए गए फरमान के विरोध में महापंचायत रखी गयी है। जिसमें जिला नैनीताल की सभी 25 नगर इकाइयों के प्रतिनिधि आगे की रणनीति तैयार करेंगे। प्रेस से वार्ता करते व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारियों को किसी भी कीमत में उजड़ने नहीं दिया जायेगा। जिसके लिए व्यापारी समाज वृहद आंदोलन की रणनीति बना रहा है। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी 50 सालों से अपनी आजीविका चला रहे है उन्हें यूँ ही हटाने का फरमान व्यापारी समाज किसी भी तरह सहन नहीं करेगा। इसी लड़ाई को लड़ने के लिए आगामी 28 अगस्त दिन सोमवार को प्रात: 11 बजे भीमताल के रामलीला मैदान में महापंचायत का ऐलान किया गया है। उसके बाद आगे की रणनीति तैयार की जायेगी। सभी पीड़ित व्यापारियों से प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने



का आवाहन किया गया है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने कहा कि व्यापारियों को उजाड़ गया तो पहले नैनीताल जिला बंद करवाया जायेगा और फिर भी सरकार नहीं चेती तो पूरे उत्तराखंड बंद का आवाहन करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष से अनुरोध किया जायेगा। युवा जिलाध्यक्ष सौरभ भट्ट ने कहा कि युवाओं की टीम जिला नेतृत्व के आवाहन पर आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है। महिला प्रकोष्ठ जिला जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, जिला महामंत्री उर्वशी बोरा ने कहा कि सरकार ने व्यापारियों को उजड़ने का आदेश निरस्त नहीं किया तो महिलाओं को भी सड़क पर संघर्ष करने को मजबूर होना पड़ेगा और महिला प्रकोष्ठ हर संघर्ष के लिए तैयार है। प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल,युवा महानगर अध्यक्ष पवन वर्मा, ग्रामीण इकाई मुखानी कुसुम खेड़ा अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, प्रभारी पवन जोशी, देवलचोड़ अध्यक्ष प्रफुल्ल पांडे, मोटाहल्दू अध्यक्ष संदीप पांडे ने कहा कि जिला संगठन के द्वारा इस लड़ाई में जो आदेश मिलेगा उसका पूर्णतया पालन किया जाएगा। भीमताल के नगर अध्यक्ष सौरभ रौतेला के साथ उनकी पूरी टीम को इस महापंचायत की तैयारियों के जिले जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने निर्देश दे दिए है।

# सांसद भट्ट ने भारी वर्षा के बीच किया आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा

रामनगर। केन्द्रीय रक्षा एवं राज्य पर्यटन मंत्री अजय भट्ट ने भारी वर्षा के बीच छाता लेकर देर सांय विगत दिनों क्षेत्र में आई दैवीय आपदा ओखलढूगा, डौन पेरवा, गौरीयावदेव, अमुटा, क्षेत्रों में भू-कटाव होने से लोगो के घरों में आई दरार,मलबा, भू-कटाव, गौशाला आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के साथ है हर सम्भव मदद को तैयार है। श्री भट्ट ने



कहा कि सरकार द्वारा आपदा पीडितों को तत्काल सरकार द्वारा लगभग 6 लाख 75 हजार 4 सौ रू0 की राहत राशि अवमुक्त कर दी है। उन्होंने कहा कि लोनिवि द्वारा क्षेत्र में 5 जेसीबी मशीने लगाई गई है। श्री भट्ट ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जरूरद पडने पर बडी पौकलैड मशीन को तत्काल मंगा लिया जाये ताकि मार्ग बाधित ना हो।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ग्रामीण जनता को आवागमन में परेशानियों का समाना ना करना पडे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से क्षतिग्रस्त पोल को ठीक कराने के निर्देश दिये।इस मौके पर विधायक सरिता आर्या, लक्षमण सिंह खाती, उपजिलाधिकारी रेखा कोहली, तहसीलदार संजय कुमार, लोनिवि, विद्युत, पेयजल, कृषि के साथ ही क्षेत्र की जनता मौजूद थी।

# अशोक छाबड़ा के व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन चन्द्र वर्मा ने प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की संस्तुति पर गदरपुर के कर्मठ, सबके प्रिय, हंसमुख एवं मिलनसार व्यापारी अशोक कुमार छाबड़ा को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अशोक छाबड़ा ने अपने मनोनयन होने पर प्रदेश के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जो उन्हें जिम्मेदारी दी गयी है वह इस जिम्मेदारी का निष्ठा/ईमानदारी के साथ निर्वाह करते हुए संगठन की मजबूती एवं व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इनके मनोनयन पर नगर के व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, नगर अध्यक्ष दीपक बेहड़,महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, लेखराज नागपाल, कृष्ण लाल बत्रा, राकेश गुम्बर, विजय छाबड़ा आदि शामिल है।






# चन्द्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता पर मनाया जश्न

## भाजपाईयों ने की आतिशबाजी और मिष्ठान खिलाकर किया खुशी का इजहार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने चन्द्रयान -3 की चांद की सतह पर सुरक्षित उतरने का जश्न मनाया। इस दौरान आतिशबाजी गयी अंतिम क्षण लेंडिग से चूक गया था और हमारे वैज्ञानिकों ने हिम्मत नही हारी ओर उन से सीख लेते हुए इस बार कामयाबी हासिल कर इतिहास रच दिया , प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और हासिल की। विधायक शिव अरोरा ने इस ऐतिहासिक सफलता जिसमे पूरे देश की दुआएं ओर भावनाएं जुड़ी थी जिसके चलते यह एक सफलता भारत के खाते में आई। विधायक अरोरा ने के लिये समस्त वैज्ञानिकों के परिश्रम को बधाई देते हुए उनके सफल प्रयासों नमन किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, के पी राठी,




और मिष्ठान खिलाकर खुशी इजहार किया गया । विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह हम भारतवासियों के लिये गौरव का क्षण है। 2019 में चन्द्रयान -2 वैज्ञानिकों को समय समय पर प्रधानमंत्री द्वारा मिलने वाले प्रोत्साहन से ओर वैज्ञानिकों की अथक परिश्रम और मेहनत से चन्द्रयान- 3 कामयाबी कहा निश्चित रूप से भारत आने वाले समय मे हर क्षेत्र में अव्वल होगा और विश्व गुरु बनने का गौरव भारत को पुनः प्राप्त होगा। उन्होंने इस सफलता सुनील यादव, प्रीत ग्रोवर, मनोज मदान, शिव कुमार, राजा भरद्वाज, बिट्टू चौहान, नमन चावला, मयंक कक्कड़ राजेंद्र राठौर व अन्य लोग मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट ने पीएम मोदी व इसरो के वैज्ञानिकों को दी शुभकामनाएं

नैनीताल (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग को लेकर देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी व इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है और कहा है कि आज देश को उन पर गर्व है आज के दिन को इतिहास में सदा सदा के लिए याद किया जाएगा।



केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग पर बधाई देते हुए कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों ने एक ऐतिहासिक घटना का देश को साक्षी बनाया है आज भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा है। केंद्रीय मंत्री श्री अजय भट्ट ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को बध ाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने इसरो के वैज्ञानिकों का हमेशा उत्साह वर्धन किया उन्हें प्रोत्साहित करते रहे और आज यह गर्व का क्षण हम सभी भारतवासियों के सामने आया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने इसरो के वैज्ञानिकों और चंद्रयान-3 की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं साथ ही देश और प्रदेश की जनता को भी बधाई दी है और कहा कि आज देश में जश्न का माहौल है देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प में पहला कदम रख चुका है।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर शिव सैनिकों ने की आतिशबाजी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा में शिवसेना नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य के नेतृत्व में शिवसेनिकों ने चंद्रयान-3 की दक्षिण ध्रुव में चांद पर सफल लैंडिंग पर खुशी जाहिर करते हुए आतिशबाजी की। साथ में वंदे मातरम्, भारत माता की जय के नारे लगाए। सभी शिव सैनिकों में खुशी का एक अलग ही माहौल था। कार्यालय सचिव अभिषेक कश्यप ने कहा कि यह देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। प्रत्येक देशवासी



अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसरो के सभी वैज्ञानिकों ने इतिहास रच दिया। उन्होंने इसके लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों और देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शिव सेना क्षेत्र प्रमुख रवि कश्यप, प्रचार सचिव शुभम गुप्ता, विवेक आर्या, रोहन कुमार, सूरज प्रताप सिंह, अमन, देव वर्मा, अशोक, लखन कुमार दीपक पांडे, रवि कुमार धर्मेंद्र कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## चन्द्रयान की सफल लैंडिंग पर हर भारतीय को गर्व: शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चंद्रयान 03 की सफल लैंडिंग पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में बाटा चौक पर आतिशबाजी पर चन्द्रयान-3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली है। इससे हमारे देश का मान देश में ही नहीं पूरी दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों को बधाई देते हो चाहे देश का विज्ञान हो हमारे प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी क्षेत्रों में भारत को आगे बढ़ाया है और जल्दी ही हमारे वैज्ञानिक और भी ग्रह पर जाने की प्रभारी देव मेनन, अजीत सिंह, छात्रसंघ उपाध्यक्ष आकाश, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बिट्टू चौहान, जिला उपाध्यक्ष रजत दीक्षित, छात्र महासंघ सचिव




कर मिष्ठान वितरण किया और खुशी का इजहार करते हुए तिरंगा लहराया। इस अवसर पर विकास शर्मा ने कहा कि यह प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का अवसर है कि हमारे वैज्ञानिकों ने चांद हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जब देश का नेता मजबूत होता है तो देश हर तरह से मजबूत होता है चाहे वह देश की सीमा हो देश के सैनिक हो देश का इंफ्रास्ट्रक्चर हो देश की आर्थिक स्थिति तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दक्षिण मंडल के अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजों, युवा मोर्चा के अध्यक्ष गोविंद शर्मा, मीडिया हिमांशु सिंह, विश्वनाथ शर्मा, कालीचरण, सचिन पाठक, सूरज पांडे, अजय गंगवार, आकाश कश्यप, सूरज मौर्य, दीपक, महेंद्र, अभिषेक आर्य, नरेश, सनी अरोरा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर फहराया तिरंगा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चंद्रयान 3 सफल लेडिंग पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला नैनीताल अध्यक्ष महेंद्र कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारियो ने तिरंगा झंडा फहराया और चंद्रयान 3 सफल लेडिंग पर खुशी व्यक्त करते हुए इसरो को वैज्ञानिकों को बध ाई दी। इस मौके पर भारत वंदे मातरम की जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत वर्ष के लिए इससे बड़े गौरव की और क्या बात हो सकती है कि दुनिया में सबसे पहले चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का तिरंगा लहराया जिससे पूरी दुनिया में भारत वर्ष का तो शीश ऊँचा हुआ ही साथ ही तमाम भारत वसियों का सीना भी चौड़ा हो गया। महेंद्र कश्यप ने कहा जिस मेहनत और लगन से हमारे देश के वैज्ञानिकों व उनकी टीम ने इस कार्य को अंजाम तक पहुँचाया है। हम सब देश वासियों को आगे भी अपने देश के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। तब वह दिन दूर नहीं होगा कि भारत दुनिया का सबसे ताकतवर व प्रगतिशील देश कहलाएगा।



## ब्लूमिंग डेल्स स्कूल में बच्चों ने देखा चंद्रयान-3 का लाईव प्रसारण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ब्लूमिंग डेल्स विद्यालय में भारतीय चंद्रयान- 3 की चंद्रमा पर लैंडिंग का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की चंद्रयान-3 की लैंडिंग के अवसर पर उत्सुकता बनी रही। इस असर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि यह एक यादगार अवसर था जो न केवल छात्र- छात्राओं की जिज्ञासा को बढ़ावा देगा बल्कि हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण के लिए एक जुनून भी जागेगा। इस कार्यक्रम के प्रसारण से गर्व और एकता की गहरी भावना उत्पन्न होगी क्योंकि हम सामूहिक रूप से भारतीय विज्ञान प्रौद्योगिकी कि शक्ति का जश्न मनाएंगे।इससे विद्यालय के विजय गिरधर, प्रधानाचार्य पंकज लोहनी, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला गिरधर, श्रीमती जसविंदर कौर, श्रीमती गीता



छात्र- छात्राओं को चंद्रयान मिशन के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन सुरेंद्र गिरध र, मैनेजर श्रीमती नीलम धंजू, डायरेक्टर आनंद व सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की। मिशन की सफलता के लिए बच्चों को बधाई दी व मिष्ठान वितरण किया गया।

**चाँद की धरती पर लहराया भारत का परचम**

देखो कितना खास दिन आज आया है,
चांद की उज्ज्वल धरती पर भारत का परचम लहराया है,
इसरो ने हर भारतीय का सिर गर्व से उठाया है
देखो कितना सुनहरा आज ये दिन आया है।
जहाँ कोई ना पहुंच पाया अब तक,
चाँद के दक्षिण ध्रुव पर भारत का तिरंगा फहराया है
हुई सफल दिन रात की मेहनत
हर भारतीय ने 23 अगस्त का दिन त्यौहार सम मनाया है
देखो कितना सुनहरा आज ये दिन आया है।
छू लिया है आज चाँद को हमने,
इसरो के हर वैज्ञानिक को सलाम है दिल से,
जिन्होंने कर के दिन रात एक चंद्रयान 3 को सफल बनाया है
देखो कितना सुनहरा आज ये दिन आया है।
सोमनाथ और उनकी टीम ने चंदा मामा का गजब का टूर लगाया है,
पाकर सोम को सोमनाथ जी ने अद्भुत दृश्य दिखलाया है,
जब पहुँचा था चाँद पर चन्द्रयान हमारा ,
दक्षिणी ध्रुव पर सुरक्षित उतरकर विश्व में नया कीर्तिमान बनाया है,
देखो कितना सुनहरा आज ये दिन आया है।

-निकेता पाहुजा, रुद्रपुर

## पांच मंदिर में भी मना चन्द्रयान की सफलता का जश्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा रुद्रपुर द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रुद्रपुर में चंद्रयान 3 के सफलतापूर्वक चंद्रमा पर लैंड करने पर देश के वैज्ञानिकों एवं करोड़ों देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एवं ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाते हुए प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा के सरपरस्त रोहताश बत्रा, अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर,ओम प्रकाश अरोड़ा, विजय जग्गा हरीश सुखीजा, अमित अरोरा,मनोज मुंजाल आदि मौजूद थे।



## दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होने पर व्यापारियों ने किया मिष्ठान वितरण

गूलरभोज(उद संवाददाता)। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी ,रामकिशन दाहूजा अर्पित अनेजा दया किशन देवराडी,



होने पर व्यापारियों के द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान लोगों ने इसरो के वैज्ञानिकों की सफलता पर देशवासियों को शुभकामनायें दी। इस नरेंद्र कुमार अमित कुमार गुप्ता सचिन दा हूजा, संचित सिडाना, राजकुमार, अजय सिंडाना, डॉ परशुराम, शिवम रघुवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मिशन मून की कामयाबी

आखिरकार इसरो ने भारत के चंद्रयान-3 को चांद की सतह पर उतार कर नया इतिहास रच दिया है। इस बार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान यानी इसरो ने जैसी तैयारी की थी, उसमें पहले ही यह उम्मीद मजबूत दिख रही थी कि देश का विज्ञान एक नया आसमान छूने जा रहा है, लेकिन इस क्षेत्र में हुए प्रयोगों में अब तक के अनुभवों को देखते हुए अंतिम पल तक सबकी सांसें एक तरह से रुकी हुई थीं। यह स्थिति स्वाभाविक ही थी क्योंकि ऐसे अभियानों में आखिरी के कुछ पल सबसे महत्त्वपूर्ण माने जाते हैं। लेकिन चौदह जुलाई के बाद अपनी चालीस दिन की यात्रा पूरी कर चंद्रयान-3 बुधवार शाम को ठीक जिस पल चांद की सतह पर कामयाबी के साथ उतरा, उस पल ने दुनिया भर में देश का माथा ऊंचा कर दिया। आज भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने में अपना झंडा लहराया। इसके साथ ही एक बार फिर यह साबित हुआ है कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में देश के वैज्ञानिकों और खासतौर पर इसरो ने जिस स्तर पर जाकर काम किया है, उसने आज दुनिया भर में भारत को एक बड़ा सम्मान दिलाया है। हालांकि इससे पहले अंतरिक्ष में अन्य तमाम उपलब्धियों के जरिए देश ने सफलता की एक लंबी क्षृंखला कायम की है, लेकिन चंद्रयान-3 के अभियान को दुनिया भर में जिस तरह देखा जा रहा था, उससे इसकी अहमियत की भी पुष्टि होती है। अब ताजा सफलता के साथ ही अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत को एक नई और बेहतर जगह बनेगी। यह बेवजह नहीं है कि चंद्रयान-3 के चांद के सतह पर उतरने के साथ ही तमाम बड़े देशों और उनके नेताओं की ओर से भारत के लिए विशेष बधाइयां भेजी गईं। यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि दुनिया के कई वैसे देश, जो विज्ञान और तकनीक के मामले में दुनिया भर में अग्रणी माने जाते हैं, भारत आज उनके समांतर खड़ा होने और कई मामलों में आगे निकल जाने का सफर तय कर चुका है। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले रूस को तब बड़ा झटका लगा था, जब 'लूना-25' चांद की सतह पर पहुंचने के पहले ही तबाह हो गया। जाहिर है, भारत ने इस क्षेत्र में भी अपनी क्षमता साबित है, लेकिन इसका लाभ दुनिया भर को मिलने वाला है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि चंद्रयान-3 का मिशन पूरी मानवता के लिए है, यह मानवतावादी विचार पर आधारित है। अंतरिक्ष को जानने-समझने के क्रम में भी हमारा विज्ञान आज नई ऊंचाइयों को हासिल कर सका है और दुनिया एक अंधेरे युग से निकल सकी है। इस क्रम में कई देशों के अभियानों के जरिए अंतरिक्ष के अनंत आकाश के बारे में समझने में मदद मिली है। अब चंद्रयान-3 इसमें नया अध्याय रचने जा रहा है। इसरो की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, चंद्रयान-3 के लिए मुख्य रूप से तीन उद्देश्य निर्धारित किए गए थे। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर की 'साफ्ट लैंडिंग' कराना, चंद्रमा की सतह कही जाने वाली 'रेजोलिथ' पर लैंडर को उतारना और घुमाना, लैंडर और रोवर्स से चंद्रमा की सतह पर शोध कराना। जाहिर है, कामयाबी का पहला चरण शानदार तरीके से पूरा करने के बाद अब चंद्रयान-3 के जरिए चंद्रमा के बारे में जो भी हासिल किया जा सकेगा, वह पूरी दुनिया के लिए उपयोगी होगा। और यह सभी भारतीयों के लिए गर्व करने के पल हैं।

# प्रतिस्पर्धा की रेस में नष्ट हुआ रूस का चंद्रयान

रूस ने भारतीय चंद्रयान-3 से प्रतिस्पर्धा करते हुए लूना-25 अंतरिक्ष यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने के लिए छोड़ा था। लेकिन जल्दबाजी में मानवरहित यान का रोबोट लैंडर कक्षा में अनियंत्रित होने के कारण चंद्रमा की सतह से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी ने बयान देकर बताया कि 'लैंडर एक अप्रत्याशित कक्षा में चला गया था और फिर चंद्रमा की सतह से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया।' इस यान में चंद्रमा पर उतरने से पहले की कक्षा में भेजने के बाद ही समस्या उत्पन्न हो गई थी और फिर एजेंसी से संपर्क टूट गया। रूस का यह यान 21 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना था। इसे 10 अगस्त को प्रक्षेपित किया गया था। किंतु जल्दबाजी में होड़ का यह प्रयास असफल रहा। इसी तरह 2019 में भारत ने चंद्रयान-2 दक्षिणी ध्रुव पर ही उतारने के लिए प्रक्षेपित किया था। इसका लैंडर चांद पर सॉफ्ट लैंडिग करने ही वाला था कि तभी अचानक उसके सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी हुई और वह नाकाम हो गया। रूस ने यूक्रेन से युद्ध के बीच चंद्रमा फतह के लिए यह लक्ष्य इसलिए साधा था, जिससे उसकी प्रतिष्ठा कायम रहे और दुनिया यह मानने लगे कि यूक्रेन से इतने लंबे समय से चल रहे युद्ध के बावजूद रूस की क्षमताएं न केवल युद्ध में बल्कि अंतरिक्ष में भी जोर-शोर से बरकरार हैं। अंतरिक्ष में मौजूद ग्रहों पर यानों को भेजने की प्रक्रिया बेहद जटिल और शंकाओं से भरी होती है। यदि अवरोह का कोण जरा भी डिग जाए या फिर गति का संतुलन थोड़ा सा ही लड़खड़ा जाए तो कोई भी चंद्र-अभियान या तो चंद्रमा पर जाकर ध्वस्त हो जाता है, या फिर अंतरिक्ष में कहीं भटक जाता है। इसे न तो खोजा जा सकता है और न ही नियंत्रित करके दोबारा लक्ष्य पर लाया जा सकता है। हमारे चंद्रयान-2 का यही हश्र हुआ था। 1960 के दशक में जब अमेरिका ने उपग्रह भेजे थे, तब उसके शुरू के छह प्रक्षेपण के प्रयास असफल रहे थे। अविभाजित सोवियत संघ ने 1959 से 1976 के बीच 29 अभियानों को अंजाम दिया। इनमें से नौ असफल रहे थे। 1959 में रूस ने पहला उपग्रह भेजकर इस प्रतिस्पर्धा को गति दे दी थी। तब से लेकर अब तक रूस के इस असफल हुए अभियान को मिलाकर 68 चंद्र-अभियान हो चुके हैं, लेकिन चंद्रमा के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं जुटाई जा सकी है। इस होड़ का ही नतीजा रहा कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने चंद्रमा पर मानव भेजने का संकल्प ले लिया। 20 जुलाई 1969 को अमेरिका ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि वैज्ञानिक नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन को चंद्रमा पर उतारकर प्राप्त भी कर ली। इसी से कदमताल मिलाते हुए रूस ने 3 अप्रैल 1984 को वैज्ञानिक स्नेकालोव, मालिशेव बाईकानूर और भारतीय वैज्ञानिक राकेश शर्मा को अंतरिक्ष यान सोयूज टी-11 में बिठाकर चंद्रमा पर भेजने में सफलता हासिल की। इस कड़ी में चीन 2003 में मानवयुक्त यान चंद्रमा पर उतारने में सफल हो चुका है। रूस और अमेरिका कालांतर में चंद्र-अभियानों से इसलिए पीछे हट गए, क्योंकि एक तो ये अत्याधिक खर्चीले थे, दूसरे मानवयुक्त यान भेजने के बावजूद चंद्रमा के खगोलीय रहस्यों के नए खुलासे नहीं हो पाए। वहां मानव बस्तियां बसाए जाने की संभावनाएं भी नहीं तलाशी जा सकीं। गोया, दोनों ही देशों की होड़ बिना किसी परिणाम पर पहुंचे ठंडी पड़ती चली गई। किंतु 90 के दशक में चंद्रमा को लेकर फिर से दुनिया के सक्षम देशों की दिलचस्पी बढ़ने लगी। ऐसा तब हुआ जब चंद्रमा पर बर्फीले पानी और भविष्य के ईंधन के रूप में हीलियम-3 की बड़ी मात्रा में उपलब्ध होने की जानकारियां मिलने लगीं। वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि ऊर्जा उत्पादन की फ्यूजन तकनीक के व्यावहारिक होते ही ईंधन के स्रोत के रूप में चांद की उपयोगिता बढ़ जाएगी। यह स्थिति आने वाले दो दशकों के भीतर बन सकती है। गोया, भविष्य में उन्हीं देशों को यह ईंधन उपलब्ध हो पाएगा, जो अभी से चंद्रमा तक के यातायात को सस्ता और उपयोगी बनाने में जुटे हैं। मंगल हो या फिर चंद्रमा कम लागत के अंतरिक्ष यान भेजने में भारत ने विशेष दक्षता प्राप्त कर ली है। दूसरी तरफ जापान ने चंद्रमा पर 50 किमी लंबी एक ऐसी प्राकृतिक सुरंग खोज निकाली है, जिससे भयंकर लावा फूट रहा है। चंद्रमा की सतह पर रेडिएशन से युक्त यह लावा ही अग्नि रूपी वह तत्व है, जो चंद्रमा पर मनुष्य के टिके रहने की बुनियादी शर्तों में से एक है। इन लावा सुरंगों के इर्द-गिर्द ही ऐसा परिवेश बनाया जाना संभव है, जहां मनुष्य जीवन-रक्षा के कृत्रिम उपकरणों से मुक्त रहते हुए, प्राकृतिक रूप से जीवन-यापन कर सकेगा। इधर भारत के चंद्रयान-1 और अमेरिकी नासा के लूनर रिकोनिसेंस ऑर्बिटर ने ऐसी जानकारियां भेजी हैं, जिसने चंद्रमा पर चौतरफा पानी उपलब्ध होने के संकेत मिलते हैं। गोया, चंद्रमा की सतह पर पानी किसी एक भू-भाग में नहीं, बल्कि हर तरफ फैला हुआ है। इससे पहले की जानकारियों से सिर्फ यह ज्ञात हो रहा था कि चंद्रमा के ध्रुवीय अक्षांश पर अधिक मात्रा में पानी है। इसके अतिरिक्त चंद्रमा पर दिनों के अनुसार भी पानी की मात्रा बढ़ती व घटती रहती है। पृथ्वी के साढ़े उनतीस दिन के बराबर चंद्रमा का एक दिन होता है। मसलन यहां पृथ्वी के साढ़े 14 दिन के बराबर एक दिन और इसी अनुपात में रातें होती हैं। 'नेचर जिओ साइंस जर्नल' में छपे लेख के मुताबिक चंद्रमा पर पानी की उत्पत्ति का ज्ञान होने के साथ ही, इसके प्रयोग के नए तरीके ढूढ़े जाएंगे। इस पानी को पीने लायक बनाने के लिए नए शोध होंगे। इसे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विघटित कर सांस लेने लायक वातावरण निर्मित करने की भी कोशिशें होंगी। इसी पानी को विघटित कर इसे रॉकेट के ईंधन के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दावा किया है कि उसे चंद्रमा पर पर्याप्त रूप में पानी मिला है। यह पृथ्वी से दिखने वाले दक्षिण ध्रुव के एक गड्ढे में अणुओं के रूप में नजर आया है। इस खोज से वैज्ञानिकों को भविष्य में चांद पर बस्ती बसाने में मदद मिल सकती है। लेकिन इस दावे के 11 साल पहले ही इसरो के चंद्रयान-1 ने 2009 में दक्षिण ध्रुव पर पानी होने के साक्ष्य दे दिए थे। आमेरिका की संस्था स्ट्रैटोस्फियर ऑब्जरवेटरी फॉर इंफ्रारेड एस्ट्रोनॉमी ने की है। संस्था का दावा है कि यह पानी सूरज की किरणें पड़ने वाले क्षेत्र में मौजूद क्लेवियस क्रेटर में मिला है। नासा के मुताबिक चांद की सतह पर भारत समेत अन्य पानी के परीक्षणों के दौरान हाइड्रोजन की मौजूदगी का पता चला था, लेकिन तब हाइड्रोजन और पानी के निर्माण के लिए जरूरी अवयव हाइड्रॉक्सिल की गुत्थी नहीं सुलझ पाई थी। इस गुत्थी के सुलझने के बाद ही दक्षिणी ध्रुव पर पानी उपलब्ध होने की पुष्टि हुई है। नासा ने इस खोज के निष्कर्ष नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित किए है। इस निष्कर्ष के मुताबिक चांद पर 40,000 वर्ग किमी से ज्यादा क्षेत्र में पानी की संभावना है। जबकि हकीकत में 22 अक्टूबर 2008 को इसरो ने चंद्रयान-1 प्रक्षेपित किया था। इसने ही पहली बार चंद्रमा पर पानी होने के सबूत दिए थे। यह पानी मून इफेक्ट प्रोब यंत्र ने दिए थे। इसे ऑर्बिटर के जरिए नवंबर 2008 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर गिराया गया था। सितंबर 2009 में इसने जानकारी दी कि चांद की सतह पर पानी चट्टान और धूल के कणों में भाप के रूप में अंतर्निहित है। इस प्रोब को चंद्रयान-1 के साथ भेजने का सुझाव पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने दिया था। उन्होंने कहा था कि जब चंद्रयान ऑर्बिटर चंद्रमा के कितने निकट जा रहा है, तो क्यों न इसके साथ एक इम्पैक्ट प्रोब भी भेज दिया जाए। इससे चांद पर हमारी खोज को विस्तार मिलेगा। उनका अनुमान सटीक बैठा और इस प्रोब ने चांद पर पानी होने के साक्ष्य दुनिया के सामने प्रस्तुत कर दिए।

**- प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# आयोग अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः मजहर

काशीपुर(उद संवाददाता)।अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने बुद्धवार को द एलीट क्लब के सहयोग से शमशुल उलूम में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नदीम अख्तर द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मजहर नईम नवाब ने कहा कि गरीबों एवं पिछड़ों की खिदमत करना खिदमते खल्क है। उन्होंने कहा कि आयोग अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं अल्पसंख्यों के हितों की रक्षा के लिए बना है। उन्होंने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी अल्पसंख्यक विकास, शिक्षा एवं तरक्की से पिछड़ा न रहे। उन्होंने कहा कि अल्प संख्यकों के विकास एवं तरक्की हेतु चलाई जा रही योजनाओं की निगरानी करने के साथ ही अल्पसंख्यों के खिलाफ होने वाले उत्पीड़न को रोकना भी है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की मॉनिटरिंग का कार्य भी पूरी गहनता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग पूरी निष्पक्षता से सुनवाई करता है। उन्होंने कहा कि आयोग में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म का



अल्पसंख्यक व्यक्ति, राज्य के किसी भी क्षेत्र का हो, उसकी समस्या का निस्तारण बिना किसी भेदभाव के किया जाता है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक बहनों स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री हुनर योजनान्तर्गत एनजीओं के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं और बहनों की आजीविका हेतु आय के संसाधनों में वृद्धि करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के अन्तर्गत कोई भी गरीब व्यक्ति अपनी बीमारी का अच्छे से अच्छे अस्पताल में जाकर ईलाज करा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु नैत्र चिकित्सालय द्वारा ऑपरेशन हेतु चिन्हित व्यक्तियों के रूद्रपुर में ऑपरेशन, आने-जाने तथा रहने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उजाला हॉस्पिटल के जीएम अभिषेक दूबे ने उजाला हॉस्पिटल द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर में उजला हॉस्पिटल द्वारा 509 ओपीडी की गई तथा बीमारी के स्थायी ईलाज हेतु 47 व्यक्तियों को ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया जबकि 05 व्यक्तियों को एन्जीओग्राफी के लिए चिन्हित किया गया। प्रभु नैत्र चिकित्सालय द्वारा 110 ओपीडी की गई तथा 20 व्यक्तियों को ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। शिविर में एलीट क्लब के महासचित अली अनवर, नदीम अख्तर, शाहिद हुसैन, यूनुस, हनीफ, नाजिम हुसैन, मौहम्मद कासिम, शफी आदि उपस्थित थे।

# सीडीओ मिश्रा ने की जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' की समीक्षा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पानी के बिना जीवन की कल्पना करना भी बेकार है। यह बात मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने विकास भवन सभागार में जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पानी के एक-एक बूंद को संरक्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि जनपद में भू-जल स्तर न गिरे, इसके लिए सभी सम्बन्धित विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करना होगा और जनता को भी जल संरक्षण एवं संवर्धन



के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा जल को सुरक्षित एवं संरक्षित करने से प्राकृतिक एवं भूमिगत जल के श्रोतों में वृद्धि हो सकेगी, जिससे निश्चित भी भू-जल स्तर पर बना रहेगा। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक योजनाओं को 'कैच द रेन' की कार्ययोजना में शामिल किया जाये। उन्होने कैच द रेन से जुड़े विभागों से कहा कि बजट की उपलब्धता को देखते हुये लक्षित संरचनाएं प्रस्तावित कर कार्य करें। बैठक में परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सीबी पाण्डे सहित, ग्राम्य विकास, सिंचाई, लघु संचाई आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, स्कूलों में अवकाश घोषित

नैनीताल/देहरादून(उद संवाददाता)। लगातार हो रही बारिश से अगले चार दिनों तक राहत की उम्मीद कम ही है। प्रदेश के आठ जिलों में अगले चार दिनों में हल्की से तेज बारिश के आसार है। हालांकि, 27 अगस्त के बाद उत्तराखंड में बारिश से राहत की उम्मीद है।मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए उधम सिंह नगर, चमोली और हरिद्वार में सभी सरकारी, गैर शासकीय व निजी विद्यालयों में कक्षा एक से 12वीं तक और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है। मौसम विभाग के अनुसार, इसके बाद मानसून धीमा पड़ना शुरू हो जाएगा। पिछले कई दिनों से उत्तराखंड के अधिकांश क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन अस्तव्यस्त है। फिलहाल 27 अगस्त तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का क्रम जारी रहेगा। मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंह नगर और बागेश्वर में भारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बृहस्पतिवार को इन जिलों में कहीं-कहीं बहुत भारी वर्षा हो सकती है। कहीं-कहीं गर्जन के साथ बिजली चमकने और बारिश के अति तीव्र से अत्यंत तीव्र दौर होने के आसार हैं। जबकि, 25, 26 और 27 अगस्त को प्रदेश के अधिकांश जनपदों में तेज बारिश हो सकती है। इन तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि अरब सागर से नमी खींचने वाली ट्रफ लाइन अभी हमारे नजदीक है। इसके कारण लगातार बारिश हो रही है। अगले चार दिनों में लाइन दूसरी ओर सरक सकती है जिससे बारिश से राहत मिल सकती है। लगातार हो रही बारिश से एक बार फिर से बुधवार को गंगा का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया। दिनभर गंगा का जलस्तर बढ़ते-बढ़ते शाम छह बजे चेतावनी रेखा के निशान 293 मीटर के करीब 292.90 मीटर पर पहुंच गया। जो रात आठ बजे 292.75 मीटर पर आ गया।

# शौचालय को बना दिया किराये का कमरा

नैनीताल (उद संवाददाता)। आयुक्त कुमाऊँ श्री दीपक रावत ने बुधवार को अचानक नैनीताल के तल्लीताल बस अड्डे पहुंचकर निरीक्षण के दौरान पाया कि बस अड्डे मे प्राधिकरण नैनीताल द्वारा निर्मित शौचालय बनाया गया था। जिसका संचालन हेतु बायोटैक कम्पनी को दिया था जिनके द्वारा उपरोक्त शौचालय को कमरे में तबदील कर अवैध रूप से परिवहन विभाग के इंर्चाज पूरन सिंह मेहरा की मिली भगत से पर्यटकों को प्रतिदिन तीन हजार के हिसाब से किराये पर दिया होना पाया गया। जिसे श्री रावत ने गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए आरएम परिवहन एवं सचिव विकास प्राधिकरण का जवाब तलब करते हुए शौचालय को अवैध रूप से कमरे में परिवर्तन किया गया था। जहॉ पर छ यूरियल एक महिला टॉयलेट सीट लगी हुई थी। जिसे आयुक्त ने मौके पर ही तोड़ने के आदेश देते हुए पुनः शौचालय बनाने के निर्देश दिये।

# राजभवन में वीर नारियों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने बुधवार को उत्तराखण्ड सब एरिया में 57वें आवा (आर्मी वाइफ्स वेलफेयर एसोसिएशन) दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। यहां पहुंचने पर एफडब्ल्यूओ, उत्तराखण्ड सब एरिया की चेयरपर्सन श्रीमती रत्नांजलि खत्री ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती गुरमीत कौर द्वारा 14 वीर नारियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने वीर नारियों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने वाले स्टॉलों का भी अवलोकन किया और उनके लिए रोजगार पैदा करने में आवा के प्रयासों की सराहना की। समारोह में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा चिन्ह प्रदान किये गये। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में श्रीमती गुरमीत कौर ने कहा कि आवा की सभी महिलाएं देश की सेवा में बड़ा योगदान देती हैं। आर्मी इसे अदृश्य हाथ कहते हैं जो सीमा पर तैनात वीर



जवानों को सभी चिन्ताओं से मुक्त रखती हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने हिस्से की जिम्मेदारियों को निभाती हैं। उन्होंने कहा कि वीर नारियां हमारा गौरव हैं, देश का गौरव हैं। आपका हौंसला, आपका साहस सच मुच में बहुत मजबूत है। उन्होंने कहा कि सभी वीर नारियों के योगदान की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, आईएएस अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की पत्नियां भी उपस्थित थीं।उत्तराखण्ड उपक्षेत्र परिवार कल्याण संगठन ने हमारे सैनिकों के जीवन में सेना की पत्नियों के योगदान को याद करने के लिए 57वां आवा (आर्मी वाइफ्स वेलफेयर एसोसिएशन) दिवस मनाया। यह कार्यक्रम देहरादून में 21 अगस्त 2023 से 23 अगस्त 2023 तक तीन दिनों तक मनाया गया। कार्यक्रमों में मोटे अनाजों (मिलेट्स) के लाभ, वैवाहिक कल्याण, सशस्त्र बल कर्मियों के लिए पात्रता लाभ और मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। इसके अलावा एक चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया।

# सड़कों की दुर्दशा पर आंदोलन की चेतावनी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा विधानसभा की बदहाल सड़कों की दशा पर पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी अल्मोड़ा के माध्यम से



मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया तथा विधानसभा अल्मोड़ा की लोक निर्माण विभाग के अधीन समस्त सड़कों का तत्काल सुधारीकरण एवं मरम्मत करने की मांग की। मांग तत्काल पूरी ना होने की दशा में श्री कर्नाटक ने जनता को साथ लेकर आमरण अनशन और उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र में श्री कर्नाटक ने कहा है कि पूर्व में उनके द्वारा 23 मार्च,6 अप्रैल,20 अप्रैल एवं 27 अप्रैल को भी इस सम्बन्ध में ज्ञापन प्रेषित किये गये थे जिसके द्वारा अल्मोड़ा विधानसभा की भयावह स्थिति से अवगत कराते हुए संज्ञान में लाया गया था कि प्रत्येक मार्ग जो लोक निर्माण विभाग के अधीन है लम्बे समय से सुधारीकरण/मरम्मत का कार्य ना होने से सड़कें दयनीय स्थिति में हैं। अल्मोड़ा शहर की आन्तरिक सड़कों जिनमें रानीधारा मार्ग,लोअर माल रोड से गैस गोदाम माल रोड सम्पर्क मार्ग,एनटीडी से बीरशिवा मार्ग,खत्याड़ी से मेडिकल कालेज, आफिसर्स कालोनी- नरसिंहबाड़ी सम्पर्क मार्ग, गरगूठ से स्यालीधार, चोसली- कोसी, बाड़ेछीना शेराघाट ,गैराड़ से कलौन(धौलछीना बेतालेश्वर स्यालीधार,लोधियाचौमू कपिलेश्वर,खूंट ज्योली-बसर तथा हरड़ाशीतलाखेत,नौला -रैखलधार आदि के बदहाल मार्ग सुधारीकरण मरम्मतडामरीकरण तथा कुछ नये स्वीकृत मार्ग भूमि का मुआवजा वितरित कर निर्माण कार्य की प्रतीक्षा में हैं अल्मोड़ा रानीखेत मुख्य मार्ग से जिला न्यायालयविकास भवनजिला कार्यालय को जाने वाले मार्ग की मरम्मत/सुधारीकरण में विभाग द्वारा रूचि नहीं ली गयी जबकि जिला न्यायालय-विकास भवन-जिला कार्यालय को जाने वाले मार्ग से मंत्रियों,सांसदों,विधायकों तथा उच्चाधिकारियों का बैठक,निरीक्षण हेतु समय-समय पर आगमन होता है।ऐसी स्थिति में जनहित की उपरोक्त सड़कों की स्थिति क्या होगी इसका आंकलन स्वयं किया जा सकता है।पत्र में श्री कर्नाटक के द्वारा कहा गया कि पूर्व मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत भी कई नवीन मार्गों का निर्माण कार्य लम्बे समय से प्रारंभ ही नहीं किया गया है।

# विपणन प्रदर्शनी आयोजित करने पर चर्चा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना अन्तर्गत समूह सदस्यों के उत्पादों को विपणन के अवसर प्रदान करने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा काण्डे की अध्यक्षता में विकास भवन, अल्मोड़ा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विकासखण्डों में गठित समूहों के उत्पादों को प्रचार-प्रसार एवं विपणन करने हेतु प्रदर्शनी लगाए जाने पर चर्चा की गई।जनपद के समस्त विकासखण्डों के कुल 20 चयनित स्थानों में प्रदर्शनी के माध्यम से समूह द्वारा उत्पादित स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प उत्पादों आदि का



विपणन किया जायेगा। उक्त प्रदर्शनी हेतु ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया जायेगा। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण वेग वृद्धि योजना (रीप) राजेश मठपाल ने बताया कि प्रतिभागी महिला समूह सदस्यों से मुख्यमंत्री संवाद करेंगे। इस अवसर पर प्रदर्शनी के माध्यम से समूह द्वारा उत्पादित जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का अधिक से अधिक क्रय किया जाय, ताकि समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके और वे आर्थिक एवं सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

# मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी प्रतियोगिता में बिरिया के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के मनोज सरकार खेल स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री उन्नयन उदयीमान खिलाडी छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में विकासखंड सितारगंज के राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरिया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ज्ञात रहे कि इस प्रतियोगिता में चयनित होने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 15 सौ रुपए छात्रवृत्ति उत्तराखंड शासन की ओर से



प्रदान करी जाती है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के समीर राणा ,कस्तूर राणा, वैष्णवी राणा, विवेक राणा एवं प्राथमिक विद्यालय की छात्रा आराधना राणा का चयन होने पर पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर, पूर्व ग्राम प्रधान दर्शन सिंह राणा, ग्राम प्रधान गुरदीप सिंह,बीईओ तरुण पंत एवं सुषमा गौरव, विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक सूरज सक्सेना, प्रभारी प्रधानाध्यापक कमल बसेड़ा तथा आदित्य रघुवंशी, सहायक अध्यापक रमेश चंद्र कापड़ी एवं दलजीत सिंह सहित दोनों विद्यालयों की प्रबंधन समिति ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चंद्रयान मिशन की कामयाबी पर भाजपाईयों ने जमकर मनाया जश्न

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में भाजपाईयों ने जमकर आतिशबाजी की और मिष्ठान वितरण करते हुए देश की वैज्ञानिकों की महान उपलब्धि चंद्रयान तीन की सफलता पर जश्न मनाया। इस मौके पर सुरेश खुराना ने कहा कि एक देश के झंडे पर चांद का चिन्ह है, हमारे वैज्ञानिकों ने कदम आगे बढ़ते हुए चांद पर ही कदम



रख दिया और देश का तिरंगा झंडा लहराया है देशवासियों प्रार्थना और वैज्ञानिकों की मेहनत का नतीजा है । भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया ने कहा सभी देशवासियों को इस महान सफलता पर शुभकामनाएं देने के साथ हम सभी का फर्ज बनता है कि अपने बच्चों को भी इस सफलता की गाथा को अवश्य सुनाएं । इस मौके पर सुरेश खुराना, पंकज सेतिया,अशोक छाबड़ा, मोहित अरोरा,हरलोक नामधारी,अभिषेक वर्मा, राकेश गुंबर,अनिल जेटली सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# नन्दादेवी महोत्सव की तैयारियों में जुटें : डीएम

नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद में आयोजित होने वाले ( 20 सितम्बर से 27 सितम्बर 2023) सात दिवसीय माँ श्री नन्दादेवी महोत्सव-2023 के सफल आयोजन के कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयारियों के सम्बन्धन में रामसेवक सभा, व्यापार मण्डल, होटल एसोसिएशन एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बुद्धवार को जिला कार्यालय नैनीताल डीएम वंदना की अध्यक्षता में एक विचार विमर्श बैठक आयोजित हुई।बैठक में श्री रामसेवक सभा के पदाधिकारियों ने डीएम को मेले का सफल आयोजन की तैयारियों से सम्बन्धित विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, विद्युत, स्वास्थ्य व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के अलावा अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया।डीएम ने नगरपालिका ईओ को निर्देश दिये हैं कि मेले की भव्यता बनी रहे इसके लिए पहले ही सुव्यवस्थित ढंग से प्लानिंग बनाकर कार्य करना सुनिश्चित करें साथ ही मेले के दौरान विशेष अभियान के तहत नगर की साफ-सफाई व्यवस्था रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहर क्षेत्र में ऐसे निमार्णधीन सामग्री जो सड़क के आप पास रखी जिनसे यातायात बाधित होने के सम्भावना बनी हो उन्हें हटाने, स्ट्रीट लाइटों को समय पर ठीक करने, आवश्यकता अनुसार वाटरप्रुफ टेंट, प्रचार प्रसार, होल्डिंग, बड़ी स्क्रीन के अलावा मोबाइल शौचालय की व्यवस्था के लिए दिशानिर्देश दिए । डीएम ने अधिशासी अभियन्त विद्युत को निर्देश दिये हैं कि मेले के दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे इसलिए अभी से नगर क्षेत्र के विद्युत की तारें, विद्युत पोल आदि को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए टीम गठित कर विशेष अभियान के तहत कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि मेले के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए अभी से प्लांनिंग करें। इसके अलावा पुलिस विभाग को शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, परिवहन विभाग विशेष शटल सेवा की व्यवस्था, पेयजल विभाग को पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी फिंजा राम, शिवचरण द्विवेदी, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भागीरथी जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ जगदीश चन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी विभा दीक्षित, व्यापार मण्डल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, रामसभा सेवक के मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, गिरीश जोशी, राजेन्द्र लाल साह, भीम सिंह कार्की, देवेन्द्र लाल साह, विमल चौधरी के साथ श्री रामसभा सेवक के विभिन्न पदाधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल सहित कई लोग भाजपा में शामिल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर नगर पालिका अध्यक्ष बागेश्वर सुरेश खेतवाल एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख बागेश्वर श्रीमती रेखा खेतवाल सहित सैंकड़ों लोगों ने बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से सभा को सम्बोधित करते हुए सभी नए सदस्यों का भारतीय जनता पार्टी के परिवार में



स्वागत और अभिनंदन किया। सदस्यता कार्यक्रम में श्री रमेश पांडे, समाज सेवी श्री किशन नगरकोटी, श्रीमती निर्मला दफौटी, पूर्व ग्राम प्रधान चलकाना आनंद सिंह दानू सहित अनेक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर जनपद के माननीय प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा , प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट , विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बसंती देव, जिला अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण , पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट , पूर्व विधायक शेर सिंह गढ़िया, जिला प्रभारी भाजपा वीरेंद्र वल्दिया सहित देवतुल्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**बागेश्वर में मुद्दों पर भारी...**चुनाव की करें तो2022 में हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्व। चंदन राम दास 12,141 मतों के बड़े अंतर से जीते थे। उन्हें 32,211 मत मिले। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रंजीत दास दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें 20,070 मत मिले। जबकि तीसरे नंबर पर रहे आप के बसंत कुमार को 16,109 मत प्राप्त हुए थे।जहां तक इस उपचुनाव का सवाल है ? तो इसमेंभाजपा जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्य के साथ-साथ, पूर्व विधायक एवं मंत्री स्वर्गीय चंदन रामदास की पत्नी पार्वती दास को मैदान में उतरकर सहानुभूति बोट बटोरने के प्रयास में है। वहीं, कांग्रेस मणिपुर से लेकर उत्तराखंड तक महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दों के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कोशिश में है। मोटे तौर पर देखा जाए तो भाजपा प्रत्याशी के पक्ष की सहानुभूति लहर कांग्रेस के मुद्दों पर फिलहाल तो भारी पड़ती दिखाई दे रही है, लेकिन अंत अंत अगर में कांग्रेस मजबूती से मुकाबले में लौट आए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।वैसे 2024 के आम चुनाव से पहले बागेश्वर उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वह इस चुनाव को जीतकर 2024 लोकसभा चुनाव की जीत का बिगुल फूंकना चाहती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद बागेश्वर चुनाव को काफी महत्वपूर्ण मान रहे हैं। बागेश्वर चुनाव के बाद प्रदेश में नगर निकाय चुनाव भी होने हैं। लिहाजा बागेश्वर उपचुनाव को जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी का विश्वास चरम सीमा पर होगा और आने वाले चुनाव में कार्यकर्ताओं का हौसला बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा, जिसके लिए बागेश्वर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी है।दूसरी ओर कांग्रेस भी इस प्रयास में है कि किसी तरह से बागेश्वर उपचुनाव जीता जाए ,ताकि 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस भी बड़े हुए मनोबल के साथ उतर सके और भाजपा की समक्ष एक तगड़ी चुनौती पेश कर सके।

**पढ़ाई के लिये कनाडा...** से अपने कमरे पर जा रही थी इस दौरान पीछे से तेज गति से आई कर ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। कार चालक थोड़ी दूर जाकर कार छोड़कर फरार हो गया। जैसे ही यह खबर यहां कीर्ति के परिवार वालों को मिली घर में कोहराम मच गया। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों में असमंजस की स्थिति बन गई है क्योंकि उनकी बेटी की डेड बॉडी किस प्रकार मंगाई जाए उनको कुछ भी जानकारी नहीं है और एंबेसी में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं तो वहां उनका संपर्क नहीं हो पा रहा है। युवती के परिजनों ने बेटी के शव को यहां लाये जाने के लिए मदद की गुहार लगायी है।

**करंट लगने से ...**का कार्य करता था। जिसकी पूर्व में एक हादसे में टांग कट गई थी। जिस वजह से वह विकलांग रूप में ही मजदूरी का कार्य करता था। कल रात भी वह मजदूरी करके देर रात घर पहुंचा था। व बारिश का पानी उसके घर मे भर गया था, जिसको वह बाल्टी से निकाल रहा था। उसके बाद वह नहाने के लिये नल पर जाकर मोटर का तार लगा रहा था व उसी समय ये हादसा हो गया। बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी एवं चार बेटियो को रोता बिलखता छोड़ गया है। बाप का साया बेटियों के ऊपर से उठ जाने के कारण उनके भरण पोषण का खतरा उनके ऊपर मंडरा गया है। खबर लिखे जाने तक हादसे की पुलिस को तहरीर नही दी है।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 31 पीएसी ने हासिल की चल वैजन्ती ट्रॉफी





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31 वीं वाहिनी में आयोजित तीन दिवसीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता–2023 का गत दिवस समापन हुआ। जिसमें सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुये 31वीं वाहिनी पीएसी द्वारा समस्त प्रतियोगिताओं में चल वैजन्ती ट्रॉफी प्राप्त की। 31 पीएसी प्रांगण में 21 अगस्त से 23 अगस्त तक तीन दिवसीय 22वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय वाहिनी पुलिस जुडो क्लस्टर प्रतियोगिता–2023 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्तराखंड पुलिस के जनपद/वाहिनी की 18 टीमों के लगभग 280 महिला/पुरुष खिलाड़ियों द्वारा ताइक्वांडो, वूशू, जूडो, कराते (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता की विभिन्न वेट कैटेगरी एवं जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के 6 इवेंटों में प्रतिभाग किया गया। ईशु भारती व हितेष नेशनल खिलाड़ियों द्वारा पेंचक स्लाट खेल का डैमो दिया गया। गत दिवस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. निलेश आनन्द भरणे, पुलिस महानिरीक्षक, कुमॉऊ परिक्षेत्र द्वारा श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी आयोजन सचिव सेनानायक 31पीएसी, प्रहलाद नारायण मीणा, एसपी विजिलेंस एवं मंजुनाथ टी सी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ऊधमसिंहनगर की उपस्थिति में पुलिस जूडो कलस्टर प्रतियोगिता–2023 का समापन किया गया। सभी प्रतियोगितायें हल्द्वानी, रूद्रपुर एवं देहरादून से आये जजेज, रेफरियों तथा उत्तराखण्ड पुलिस के एनआईएस कोचों द्वारा निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराई गयी। जिसमें किसी भी टीम द्वारा कोई प्रोटेस्ट दायर नहीं किया गया। टीमों द्वारा अच्छे अनुशासन का परिचय दिया गया। अंतिम दिन आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम में जूडो पुरूष वर्ग में 31 पीएसी, रूद्रपुर प्रथम, 40 पीएसी हरिद्वार द्वितीय, जनपद हरिद्वार तृतीय रहा। जूडो महिला वर्ग में 31 पीएसी रूद्रपुर प्रथम, 40 पीएसी, हरिद्वार द्वितीय एसडीआरएफ तृतीय रहा। ताईक्वान्डो पुरूष वर्ग में 31 पीएसी रूद्रपुर प्रथम, जनपद ऊधमसिंहनगर द्वितीय, 40 पीएसी हरिद्वार तृतीय रहा। ताईक्वान्डो महिला वर्ग में 31 पीएसी रूद्रपुर प्रथम, 40 पीएसी हरिद्वार द्वितीय, जनपद देहरादून तृतीय रहा। वुशु पुरूष वर्ग में 31 पीएसी रूद्रपुर प्रथम, आईआरबी द्वितीय देहरादून द्वितीय, जनपद पौड़ी गढ़वाल व 40 पीएसी हरिद्वार तृतीय रहे। वुशु महिला वर्ग में 31 पीएसी रूद्रपुर प्रथम, 40 पीएसी हरिद्वार द्वितीय, जनपद टिहरी गढ़वाल तृतीय रहा। कराते पुरूष वर्ग में 31 पीएसी रूद्रपुर प्रथम, 40 पीएसी हरिद्वार द्वितीय, आईआरबी प्रथम तृतीय रहा। कराते महिला वर्ग में 31 पीएसी रूद्रपुर प्रथम, 40 पीएसी हरिद्वार द्वितीय, जनपद देहरादून तृतीय रहा। जिम्नास्टिक चौम्पियनशिप में 31 पीएसी प्रथम, 46 पीएसी द्वितीय, आईआरबी प्रथम तृतीय रहे। सर्वोत्तम जिम्नास्ट कां. रोहित कुमार, 31 पीएसी चुने गए। जूडो कलस्टर प्रतियोगिताओं में सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुये 31वीं वाहिनी पीएसी द्वारा समस्त प्रतियोगिताओं में चल वैजन्ती प्राप्त की गयी। इस अवसर पर श्रीकर सिन्हा, अध्यक्ष सिडकुल एसोसिएशन, डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, 31 पीएसी, हरीश वर्मा, उप सेनानायक 46 पीएसी, सहायक सेनानायक, राजेंद्र सिंह कोश्यारी, मनीष शर्मा, क्वार्टर मास्टर, दलनायक शुक्रू लाल, गोपाल सिंह बिष्ट, खुर्शीद अली, सूबेदार सैन्य सहायक, पीसी गिरीश चंद जोशी, कौशल नरेश शाह, हयात सिंह, श्रीमती स्वीटी रमन, अपर पीसी राजेंद्र प्रताप सिंह, कमला भण्डारी समेत सभी टीमों के टीम मैनेजर व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पाल काम्प्लेक्स से मोटरसाइकिल चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिवस बरेली रोड़ में पाल कॉम्प्लेक्स के साथ खड़ी मोटर साईकिल को चोरी तंद वाले शातिर चोर को पुलिस ने मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को अनमोल दीप पुत्र स्व. आकाश दीप निवासी अंबेडकर नगर ने तहरीर दी कि अज्ञात चोरों द्वारा 15 अगस्त की रात्रि उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 एबी 8733 को पाल काम्प्लेक्स के पास से चोरी कर ली गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं मोटरसाइकिल बरामद करने हेतु टीम गठित की गई। टीम में शामिल उनि जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मगलपडाव, का. संतोष बिष्ट, भोपाल सिंह, अरुण सिंह द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया गया साथ ही आस–पास लोगों से पूछताछ की गई। जिसके फलस्वरुप एफ टीआई रोड से मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान घटना के अभियुक्त चेतन बाली पुत्र त्रिलोक नाथ निवासी नानक कुटीर बरेली को पकड़ कर उसके पास से अनमोल की मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद चेतन को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

## पत्रकार प्रेस परिषद के सदस्यों को बांटे परिचय पत्र



लालकुआं (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद जिला इकाई नैनीताल के जिलाध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट की अध्यक्षता में परिषद एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक के मुख्य अतिथि पत्रकार प्रेस परिषद कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी थे । बैठक में परिषद के सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री गुलाटी ने कहा कि शीघ्र ही 2:15 लाख रुपए के बीमा की पॉलिसी के बॉड भी सदस्यों को दिये जायेंगे। इसके लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष भी आ सकते हैं ।उन्होंने कहा सभी पत्रकार साथी संगठित होकर आपस में एक दूसरे का सहयोग करें और परिचय पत्र को कवरेज के दौरान अपने पास रखें । संबंधित अधिकारी के मांगने पर परिचय पत्र को दिखाएं अगर परिचय पत्र कहीं खो गिर जाता है तो स्थानी चौकी कोतवाली व परिषद को तुरंत सूचना दें। कुमाऊं प्रभारी ने कहा कि शीघ्र एक सम्मेलन किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इससे पूर्व कुमाऊं प्रभारी के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया उन्होंने सभी सम्मानित सदस्यों के गले में आई कार्ड डालकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशन दत्त मिश्रा, रेवाधर भट्ट, पान सिंह बिष्ट, संजय मिश्रा, राजेन्द्र नेगी, दीपक बिष्ट, कमल सुयाल, ललित सनवाल, देवेन्द्र बजेठा, अतुल अग्रवाल, विनोद सिंह, हिमांशु बिष्ट आदि शामिल थे।

